Title: increase in salary of Anganwadi workers in Maharashtra-Laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि आंगनवाड़ी कर्मचारियों की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि केंद्र सरकार ने 2018 से आंगनवाड़ी कर्मचारियों के वेतन में कोई वृद्धि नहीं की है, जबकि चार साल में महंगाई दोगुनी हो गई है, इसलिए आंगनवाड़ी सेविका का वेतन 18000 रूपये एवं मदतनीस का वेतन 15000 रुपये होना चाहिए। माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार आंगनवाड़ी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी लागू की जानी चाहिए,साथ ही साथ माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आंगनवाड़ी कर्मचारी बीमा योजना की घोषणा की । केंद्र सरकार ने एक सरकारी निर्णय लिया है जिसे महाराष्ट्र सरकार ने लागू नहीं किया है और इसका लाभ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नहीं दिया गया। अंत में 400 से अधिक जनसंख्या वाले मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को वृहद आंगनबाडी केन्द्रों में परिवर्तित कर तत्काल वृहद आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है जिसे जल्द स्वीकृत करना चाहिए।

माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि उपरोक्त सभी मांगों को जल्द से जल्द लागू करवाने का कष्ट करें।